प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

प्रादेशिक समाचार / 03.10.2024 / 19.45बजे

''मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 10 वर्ष पूरे–प्रधानमंत्री व आम नागरिकों के बीच संवाद का बना सशक्त माध्यम।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–हिमाचल में कोई आर्थिक तंगी नहीं–लोगों को भ्रमित करने के लिए झूठ बोल रहे भाजपा नेता।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री पर केंद्र से मिली सहायता को लेकर झूठ बोलने का लगाया आरोप।
- शारदीय नवरात्र शुरू–शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं का लगा तांता।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के आज दस वर्ष पूरे हो गये हैं। 2014 में आज ही के दिन नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी पर इस कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करना शुरू किया था। कार्यक्रम की दस वर्षों की इस यात्रा में, प्रधानमंत्री ने महत्वपूर्ण सामाजिक, सांस्कृतिक, पर्यावरण संरक्षण और सामान्य व्यवहार जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। मन की बात कार्यक्रम प्रधानमंत्री और आम नागरिकों के बीच संवाद का एक सशक्त माध्याम बन चुका है। पिछले महीने मन की बात में, नरेंद्र मोदी ने कहा था कि कार्यक्रम की दस साल की लंबी यात्रा ने एक माला का रूप ले लिया है जिसकी हर कड़ी में नए अनुभव, नई कहानियां और नई शख्सियतें जुड़ती चली गईं। उन्होंने कहा था कि समाज में सामूहिक भावना के साथ जो भी काम हो रहा है, उसे मन की बात से पहचान मिलती है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के श्रोता ही इसके असली एंकर हैं।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि हिमाचल में कोई आर्थिक तंगी नहीं है और लोगों को भ्रमित करने के लिए भाजपा नेता झूठ बोल रहे हैं। हरियाणा के चरखी दादरी क्षेत्र की पुरानी अनाज मंडी में आज चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि कांग्रेस ने हिमाचल में अपने चुनाव घोषणा पत्र में दी गई 10 गारंटियों में से पांच को पूरा कर दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं ने इन गारंटियों को लेकर हरियाणा में झूठा प्रचार कर विधानसभा चुनाव में राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में 10 साल तक भाजपा की सरकार रही है उसका हिसाब भी जनता को देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार व्यवस्था परिवर्तन से आत्मनिर्भर हिमाचल की ओर बढ़ते हुए नए नियम कानून बना रही है जिसका उद्देश्य आम लोगों को सीधा लाभ पहुंचाना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस सरकार ने ओपीएस को लागू कर दिया है और दूध व प्राकृतिक खेती से उत्पन्न गेहूँ और मक्की पर एमएसपी देने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य बन गया है।

नड्डा दौरा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा कल से दो दिवसीय दौरे पर हिमाचल प्रदेश आ रहे हैं। जगत प्रकाश नड्डा 4 और 5 अक्तूबर को हिमाचल प्रवास पर रहेंगे और 4 अक्तूबर को बिलासपुर स्थित एम्स में विकासात्मक गतिविधियों की समीक्षा करने के अलावा अधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे। इसी तरह 5 अक्तूबर को केंद्रीय मंत्री भाजपा जिला कार्यालय सिरमौर के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करेंगे और जनता को सम्बोधित करेंगे। इस दौरान वे नवनिर्मित भाजपा जिला कार्यालय देहरा की उद्घाटन पट्टिका का अनावरण भी करेंगे।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल ने आज शिमला में राज्य चिकित्सा सेवा निगम लिमिटेड के अधिकारियों के साथ एक विशेष उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में गुणवत्तापूर्ण दवाओं, चिकित्सा उपभोग्य सामग्रियों और उपकरणों की पारदर्शी खरीद के माध्यम से राज्य के स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे में सुधार पर चर्चा की गई। स्वास्थ्य मंत्री ने आवश्यक दवाओं और शल्य चिकित्सा उपकरणों की बढ़ती मांग को पूरा करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों से प्राप्त मांग को पूरा करने के लिए 8 सौ 88 आवश्यक दवाओं के साथ–साथ 2 सौ 73 चिकित्सा उपभोग्य सामग्रियों और शल्य चिकित्सा वस्तुओं के लिए एक सप्ताह के भीतर निविदाएं जारी करने के निर्देश दिए

जगत सिंह नेगी

राजस्व व जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज किन्नौर जिले के पूह में खंड स्तरीय शिकायत निवारण समिति और 20 सूत्रीय कार्यक्रम समिति के तहत आयोजित बैठकों की अध्यक्षता की। इस दौरान बिजली आपूर्ति, स्वच्छ पेयजल और संपर्क मार्गों के रखरखाव सहित लंबित विकास कार्यों पर विचार विमर्श कर संबंधित विभागों को उचित दिशा निर्देश दिए गए। नेगी ने अधिकारियों को वर्तमान राज्य सरकार की विकासात्मक गतिविधियों को गति प्रदान करने के निर्देश दिए ताकि लोगों को इन योजनाओं का लाभ मिल सकें।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा है कि केंद्र ने आपदा के दौरान हिमाचल की हर स्तर पर मदद की है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री ने दो साल के कार्यकाल में लोगों से सुविधाएं छिनने का काम किया है।

जयराम ठाकुर ने कहा है कि मुख्यमंत्री द्वारा केंद्र से मिली सहायता को नज़र अंदाज कर तथ्यहीन बयानबाजी करना बेहद शर्मनाक है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि केंद्र ने राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष के तहत हिमाचल के खाते में एक सौ 89 करोड़ रूपए अगले साल के लिए एडवांस दिए हैं। इसके अलावा पिछले डेढ़ साल में केंद्र सरकार ने प्रदेश को एक लाख 10 हजार से ज्यादा प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत मकान और 25 सौ करोड़ रूपए की नकद सहायता दी है। जयराम ठाकुर ने कहा है कि मोदी सरकार ने हिमाचल को करोड़ों रूपए की परियोजनाएं दी हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार पर मूलभूत सुविधाओं के दाम बढ़ाकर लोगों पर मंहगाई का बोझ डालने का आरोप भी लगाया। जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री को बेतुकी बयानबाजी करने के बजाए हिमाचल के हित में काम करने की सलाह दी है।

## कमेटी बैठक

प्रदेश में स्ट्रीट वेंडर्स पॉलिसी को लेकर बनाई गई सात सदस्यीय कमेटी की पहली बैठक आज विधानसभा में संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शहरी विकास विभाग ने केंद्र सरकार की 2014 और प्रदेश सरकार की 2016 की स्ट्रीट वेंडर पॉलिसी को लेकर विस्तृत प्रस्तुति दी। इसके अलावा कमेटी के सदस्यों ने भी अपने अपने सुझाव दिए हैं। कमेटी के अध्यक्ष व संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि स्ट्रीट वेंडर पॉलिसी कमेटी की ये पहली बैठक हुई है, जिसमें पक्ष और विपक्ष के वरिष्ठ सदस्यों ने अपने सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी नतीजे पर पहुंचने से पहले कमेटी रेहड़ी फड़ी वालों और आम लोगों के सुझाव भी लेगी, जिसके लिए 15 दिन का समय तय किया गया है। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि कमेटी की अगली बैठक 4 नवंबर को होगी जिसमें लोगों के सुझावों और अन्य कानूनी पहलुओं पर भी चर्चा की जाएगी।

## शारदीय नवरात्र

शारदीय नवरात्र आज से शुरू हो गए हैं। नवरात्र के पहले दिन आज मां दुर्गा के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। प्रदेश के सभी शक्तिपीठों मां ज्वालामुखी, चिंतपूर्णी, बज्रेश्वरी, श्रीनयना देवी और चामुण्डा देवी सहित अन्य मंदिरों में दिन भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस दौरान शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में विभिन्न धार्मिक आयोजनों से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है और मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। शिमला के ऐतिहासिक कालीबाड़ी मंदिर में भी सुबह 6 बजे आरती के साथ ही भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया। मंदिर के पुजारी मुक्ति चक्रवर्ती ने बताया कि नवरात्रों में बंगाल से काफी श्रद्धालु शिमला में मां कालीबाड़ी के दर्शनों के लिए आते हैं। दर्शनों के लिए कालीबाड़ी मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं ने बताया कि 9 दिन माता की पूजा अर्चना करने से मनोकामना पूर्ण होती है। उधर सोलन स्थित मां शूलिनी देवी के मंदिर में बड़ी संख्या में लोगों ने पूजा अर्चना कर मां का आर्शीवाद लिया।

पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने भटियात विधानसभा क्षेत्र की बलेरा पंचायत में भुलकीनाला पंजेहीनाला तक बनने वाली सड़क के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया।

इस अवसर पर स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस सड़क के बनने से क्षेत्र की करीब पांच सौ की आबादी को लाभ होगा। पठानिया ने कहा कि भटियात विधानसभा क्षेत्र में पिछले वर्ष 21 नई सड़कों का कार्य शुरू किया गया है जबकि इस वित्त वर्ष में एक सौ 21 नई सड़कें शुरू हो रही है। इस बीच विधानसभा अध्यक्ष ने नूरपुर के मलकवाल में आयोजित दो दिवसीय 12वीं राष्ट्रीय जूनियर कुराश चैंपियनशिप के समापन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में 24 राज्यों के करीब 7 सौ खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

भूमि पूजन

उप मुख्य सचेतक व विधायक केवल सिंह पठानिया ने आज शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के कोहला में रैत से कोहला सड़क के स्तरोन्नयन कार्य का निरीक्षण कर भूमि पूजन भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत होने वाले सड़क के उन्नयन कार्य में छः करोड़ रूपए खर्च किए जाएंगे और कई पंचायतों के करीब 12 हजार लोगों को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध होगी।

'मुख्य समाचार एक बार फिर'

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 10 वर्ष पूरे–प्रधानमंत्री व आम नागरिकों के बीच संवाद का बना सशक्त माध्यम।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–हिमाचल में कोई आर्थिक तंगी नहीं–लोगों को भ्रमित करने के लिए झूठ बोल रहे भाजपा नेता।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री पर केंद्र से मिली सहायता को लेकर झूठ बोलने का लगाया आरोप।
- शारदीय नवरात्र शुरू–शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं का लगा तांता।